# SIGNODE मानवाधिकार नीति

क्राउन होल्डिंग्स, इंक (Crown Holdings, Inc.) के "सिग्नोड इंडसट्रियल ग्रुप" (Signode Industrial Group) या "ट्रांज़िट पैकेज़िंग डिवीजन" (Transit Packaging Division) (सामूहिक रूप से, "सिग्नोड" (SIGNODE)) की साझी छत्रछाया के तहत वैश्विक औद्योगिक पैकेजिंग व्यवसाय क्षेत्र में मूल कंपनियों, सहायक कंपनियों, तथाकथित सहयोगी कारोबार, संबद्ध व्यवसायों या एक-दूसरे के और सामूहिक रूप से काम करने वाले संयुक्त उद्यमों सहित कानूनी इकाइयों के संग्रह सिग्नोड इंडसट्रियल ग्रुप (Signode Industrial Group) का यह लक्ष्य है कि आचारनीति और कर्मचारी अधिकारों के उच्चतम मानक बरकरार रखे जाएँ। इसका मतलब यह है कि हम अपने सभी कर्मचारियों के मौलिक मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं[1], और जहाँ ज़रूरी हो, वहाँ उनकी रक्षा करते हैं और हमारे हितधारक चाहे कहीं भी हो, हम उनके मौलिक मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रयासरत रहते हैं।

इस नीति का उद्देश्य हमारे कर्मचारियों, अस्थायी कर्मियों, उप ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं के मौलिक मानवाधिकारों की रक्षा के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करना है।

यहाँ दिए गए सिद्धांत UN मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा, [*UN Universal Declaration of Human Rights*] अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन [*International Labour Organization* (ILO)], संयुक्त राष्ट्र वैश्विक संक्षिप्त मार्गदर्शक सिद्धांत [*The United Nations Global Compact Guiding Principles*] के कार्यस्थल में मौलिक सिद्धांत और अधिकार, और उस प्रत्येक देश में इनसे संबंधित कानूनों से प्रेरित हैं जहाँ हम काम करते हैं।

सिग्नोड (Signode) की मानवाधिकार नीति सिग्नोड (Signode) और विश्व भर में इसके सहयोगी व्यवसायों के सभी कर्मचारियों, निदेशकों और अधिकारियों पर लागू होती है। इस नीति का उद्देश्य ऊपर वर्णित लक्ष्य हासिल करने में Signode प्रबंधन का मार्गदर्शन करना और कर्मचारियों की सहायता करना है। इसके अलावा, सिग्नोड (Signode) परिसरों में काम करने वाले तृतीय-पक्ष ठेकेदारों से भी यह अपेक्षित है कि वे इस नीति का अनुपालन करें।

हमारी ज़िम्मेदारियों में हमारे कामकाज वाले देशों में हमारी कामकाज के स्थल और कार्यालय शामिल हैं लेकिन ये इन तक ही सीमित नहीं हैं। ज्यादातर देशों में, कर्मचारी अधिकार स्थानीय कानूनों में समुचित रूप से शामिल होते हैं। इन देशों में हम अपने रणनीतिक दृष्टिकोण के अनुसार अक्सर इसके लिए प्रयासरत रहते हैं कि कर्मचारी मानवाधिकारों के उच्च मानक स्थापित किए जाएँ। ऐसे देशों में जहाँ सिग्नोड (Signode) के आचरण को प्रेरित करने वाले मूलभूत मानवाधिकार सिद्धांतों का कानून में उल्लेख नहीं होता है, वहाँ हमारा लक्ष्य रहता है कि नीतियों में स्थानीय संस्कृति, परिस्थितियों और विनियमों को ध्यान में रखने की जरूरत समझते हुए हमारे कामकाजों में अन्य जगहों पर दी जाने वाली सुरक्षा के समान स्तर की सुरक्षा प्रदान की जाए। राष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के अलग-अलग होने के मामले में जिस सीमा तक ऐसा करना कानूनी हो, हम उस सीमा तक हम उच्चतर मानकों का पालन करेंगे; इनके एक-दूसरे के विपरीत होने पर हम राष्ट्रीय कानून का पालन करेंगे, इसके साथ ही हमारी रणनीतिक संकल्पना के अनुसार हम कर्मचारियों के मानवाधिकारों का सम्मान करने के तरीके तलाशते रहेंगे।

सिग्नोड (Signode) अपनी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता (*Supplier Code of Conduct*) के माध्यम से अपने तृतीय-पक्ष ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ ऊपर वर्णित दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है जिससे वे इस नीति में निर्धारित सिद्धांतों को मजबूती देने वाले सिद्धांतों के समूह का पालन करने के लिए वचनबद्ध होने के लिए विवश हो जाते हैं। हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं कि राष्ट्रीय कानूनों या अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के किसी भी उल्लंघन से अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होने या इसे बढ़ावा देने से बचने के लिए हमारी मुख्य कच्चे माल और मुख्य सेवा

[1] इस नीति में किए गए उपयोग के अनुसार, "कर्मचारी" शब्द स्थायी और अस्थायी - दोनों कर्मचारियों पर लागू होता है

आपूर्तिकर्ताओं के साथ हमारे तृतीय-पक्ष ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ता के प्रति उचित सावधानी प्रक्रियाएँ लागू की जाएँ।

सिग्नोड (Signode) का मानना है कि जहाँ इसका कामकाज होता है, वहाँ इसकी मौजूदगी से समुदायों पर प्रभाव पड़ता है। हम स्थानीय रूप से प्रासंगिक पहलों के जरिए हमारे कामकाज की जगहों पर समुदायों के लिए आर्थिक अवसर सृजित करने और सद्भाव को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। मानवाधिकारों के प्रति उचित सावधानी और निवारक अनुपालन प्रक्रियाओं के जरिए, सिग्नोड (Signode) हमारी व्यावसायिक गतिविधियों के कारण मानवाधिकार पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की पहचान करने, इन्हें रोकने और कम करने के लिए काम करता है।

## काम करने की सुरक्षित परिस्थितियाँ सर्वोपरि हैं

स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के संबंध में यह हमारी दीर्घकालिक संकल्पना है: कार्यस्थल पर कोई दुर्घटना न हो, लोगों को कोई नुकसान न हो और पर्यावरण को कोई नुकसान न हो।

हमारे कर्मचारियों, तृतीय-पक्ष ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य सर्वोपरि हैं। हमारा सबसे अहम लक्ष्य हमारी कामकाज की जगहों और हमारे कार्यालयों में उन्हें नुकसान के जोखिम से बचाना और उनकी मानसिक और शारीरिक तंदुरुस्ती सुनिश्चित करना है।

हम जहाँ काम करते हैं, हम उन देशों में टिकाऊ पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पद्धतियों का उपयोग करने और सभी लागू कानूनों, विनियमों और कंपनी मानकों के अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे आचरण के सिद्धांतों का कथन (*Statement of Principles of Conduct*) के स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों में इसका अनुमोदन किया गया है।

हम यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम करते हैं कि हमारे कर्मचारी अपनी और अपने साथी कर्मचारियों की सुरक्षा में अपने द्वारा निभाई जाने वाली अहम भूमिका को समझें। हमारे कामकाज की जगहों और कार्यालयों में स्वास्थ्य और सुरक्षा में सुधार करने के लिए हम उनसे सतत संवाद करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

ऐसे मामले जहाँ आवास और/या भोजन सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं, वहाँ हम इस पर बल देते हैं कि ऐसे परिसर सुरक्षित और स्वच्छ रखे जाएँ और इनमें हमारे कर्मचारियों की साझे मनोरंजन क्षेत्रों और सुविधाओं की ज़रूरतों सहित उनकी मूलभूत मानवीय जरूरतें पूरी हों।

## रोज़गार स्वेच्छा से चुना जाता है

हम कर्मचारियों को कभी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उनकी इच्छा के विरुद्ध हमारे लिए काम करने के लिए मजबूर नहीं करेंगे, न ही हम जबरन श्रम को नजरअंदाज करने के लिए जाने जाने वाले किसी भी संगठन से क्रय-विक्रय करेंगे।

Signode का आधुनिक दासता कथन (*Signode's Modern Slavery Act Statement*) सिग्नोड (Signode) की वेबसाइट www.Signode.com पर "संचालन" (Governance) के अंतर्गत प्रकाशित किया गया है। यह कथन यूके आधुनिक दासता अधिनियम 2015 और ऐसे ही अन्य कानूनों सहित इस विषय से संबंधित कानूनों के अनुरूप है। इस कथन में यह सुनिश्चित करने के लिए सिग्नोड (Signode) द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख किया गया है कि हमारे कामकाज और आपूर्ति शृंखलाओं में मानव तस्करी और किसी भी तरह की आधुनिक दासता न हो।

## बाल श्रम का उपयोग नहीं किया जाएगा

हम (ILO श्रम मानकों के अनुसार) कभी भी बाल श्रमिकों की भर्ती नहीं करेंगे, न ही हम ऐसी पद्धतियाँ नज़रअंदाज करने के लिए जाने जाने वाले किसी भी संगठन से क्रय-विक्रय करेंगे। 18 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को न तो रात में, न ही खतरनाक परिस्थितियों में काम पर रखा जाएगा।

काम करने की कानूनी उम्र से नीचे बाल श्रम के किसी भी उपयोग को रोकने और इसे प्रतिबंधित करने के लिए, सिग्नोड (Si gnode) अपनी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता के जरिए तृतीय-पक्ष ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ मिलकर काम करता है।

## संगठन बनाने की आजादी और सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार का सम्मान किया जाता है

हम अपने कर्मचारियों के श्रमिक संघों में शामिल होने या इन्हें बनाने और सामूहिक रूप से सौदेबाजी करने के अधिकारों का सम्मान करते हैं। हम अपने कर्मचारियों के श्रमिक संघों में शामिल न होने के अधिकारों का भी समान रूप से सम्मान करते हैं और हम उसी तरह उन्हें डराए-धमकाए जाने, उत्पीड़न और भेदभाव से बचाएँगे।

जहाँ राष्ट्रीय कानून में कर्मचारी प्रतिनिधियों के अधिकारों का उल्लेख किया जाता है, वहाँ हम कानून का सम्मान करते हैं और उनसे रचनात्मक संवाद बरकरार रखने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। सिग्नोड (Si gnode) अपने कर्मचारियों के ऐसे चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ और उचित राष्ट्रीय कानूनी ढाँचे के भीतर नेकनीयत से लेन-देन के लिए प्रतिबद्ध है।

## नियमित रोज़गार उपलब्ध कराया जाता है

हमारे सभी कर्मचारी चाहे वे पूर्णकालिक हों, अंशकालिक या अस्थायी हों, जैसा लागू हो, नियमित पैटर्न या अपनी कामकाज की शर्तों अथवा सामूहिक समझौतों में निर्धारित पैटर्नों के अनुसार काम करते हैं।

## कार्य समय अत्यधिक नहीं हैं

मूल और ओवरटाइम कार्य समय लागू कानूनों, विनियमों, सामूहिक सौदेबाजी समझौतों का पालन करता है और अंतरराष्ट्रीय श्रम मानकों पर आधारित हैं।

सभी मामलों में, उचित ओवरटाइम दरों का भुगतान किया जाता है। कार्य समय के मामले में, हम कर्मचारियों को शोषण से बचाने के लिए निर्मित लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करते हैं।

## हमारे वेतन बाज़ार अपेक्षाएँ पूरी करते हैं

हमारा मानना है कि ज्यादातर जगहों में बाज़ार से तय होने वाले वेतन स्तर कानूनी न्यूनतम वेतन से अधिक होते हैं। फिर भी, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि जहाँ भी ऐसा लागू हो, भुगतान किया गया वेतन सभी मामलों में सामूहिक सौदेबाजी समझौतों के जरिए न्यूनतम कानूनी अपेक्षाओं के अनुरूप हो या इससे अधिक हो।

हम यह सुनिश्चित करते हैं कि कर्मचारी रोज़गार मिलने से पहले और रोज़गार के दौरान अपने वेतन और लाभों को समझें। हम अनुशासनात्मक कारणों से (काम किए गए घंटों के लिए) वेतन से कटौतियों की अनुमति नहीं देते हैं।

## किसी भी तरह के भेदभाव की अनुमति नहीं है

सिग्नोड (Si gnode) सभी कर्मचारियों और तृतीय-पक्ष ठेकेदारों के साथ निष्पक्षता, सम्मान और गरिमा का व्यवहार करता है। Si gnode नस्ल, रंग, यौन, लिंग, राष्ट्रीय या सामाजिक मूल, वंश, राष्ट्रीयता, नागरिकता, धर्म, आयु, लिंग पहचान या अभिव्यक्ति, यौन झुकाव, शारीरिक या मानसिक विकलांगता, राजनीतिक राय या लागू कानून द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य लक्षण के आधार पर किसी भी तरह के गैरकानूनी रोज़गार भेदभाव से मुक्त काम का माहौल बरकरार रखने के प्रति प्रतिबद्ध है।

हम शारीरिक, यौन या मौखिक, किसी भी तरह के दुर्व्यवहार या उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करते हैं। इसमें ऐसे कार्य शामिल हैं जिन्हें तर्कसंगत रूप से आक्रामक, डराने वाले या भेदभावपूर्ण माना जा सकता है।

हम जिनके साथ काम करते हैं, उनसे हम उम्मीद करते हैं कि वे निष्पक्षता और समान अवसर की भावना के साथ हमारी कॉर्पोरेट संस्कृति के अनुसार व्यवहार और कार्य करें।

किसी भी आवेदक से ऊपर वर्णित किसी भी आधार पर रोज़गार के लिए भेदभाव न करना Signode की नीति भी है।

## सब को समान अवसर मिलता है

चाहे यह व्यक्तिगत हो या सामूहिक, हम अपने कर्मचारियों के योगदान को महत्व देते हैं और इसे प्रोत्साहित करते हैं। हमारा मानना है कि हमारे व्यवसाय, हमारे संगठन और हमारे लोग विविध कार्यबल और काम के समावेशी माहौल से लाभान्वित होते हैं।

इसलिए सिग्नोड (Signode) व्यक्तियों को बिना किसी भेदभाव के काम पर रखने, उन्हें विकसित करने, वेतन देने या पदोन्नति देने, नौकरी से हटाने या सेवानिवृत्ति पर विचार करते समय अवसर की समानता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सिग्नोड (Signode) के फैसले योग्यताओं, कौशलों, प्रदर्शन और अनुभव पर निर्भर होते हैं।

## स्थानीय समुदायों से खुली बातचीत को प्राथमिकता दी जाती है

सिग्नोड (Signode) स्थानीय समुदायों से खुली बातचीत को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत रहता है। जहाँ स्थानीय समुदायों के लोग हमारी गतिविधियों से प्रभावित हों, वहाँ हम उन गतिविधियों के प्रतिकूल मानवाधिकार प्रभावों की पहचान करने और उनसे बचने और/या इन्हें कम करने के लिए उचित कदम उठाने के प्रति प्रयासरत रहते हैं। इसमें सहयोग के लिए, हम स्थानीय हितधारकों से जुड़ने और समुदाय की शिकायतें प्राप्त करने और उनका प्रत्युत्तर देने की प्रक्रिया को प्रबंधित करने में हमारे व्यवसायों का मार्गदर्शन करते हैं।

सिग्नोड (Signode) लागू होने वाले कानूनों और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के अनुसार निर्धारित मूल निवासियों के अधिकारों का सम्मान करता है।

## संघर्ष क्षेत्र वाले खनिजों के उपयोग से परहेज किया जाता है

मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और लागू कानूनों के अनुपालन में काम करने के अपने प्रयासों के तहत, सिग्नोड (Signode) ने संघर्ष क्षेत्र खनिज नीति (*Conflict Minerals Policy*) जारी की है। इस नीति के अनुसार, कंपनी का यह लक्ष्य है कि अपने उत्पादों के निर्माण में संघर्ष क्षेत्र खनिजों के उपयोग से बचा जाए और यह अपने रिपोर्टिंग दायित्वों का पालन करने के प्रति प्रतिबद्ध है।

## अधिकार एवं उत्तरदायित्व

सिग्नोड (Signode) के वरिष्ठ कार्यपालकों ने इस नीति का अनुमोदन किया है और वे हमारे सभी स्थानों पर इसे बढ़ावा देने के लिए उत्तरदायी हैं। सिग्नोड (Signode) में इस नीति से संबंधित मुख्य अनुपालन जोखिमों के संबंध में सिग्नोड (Signode) के वरिष्ठ कार्यपालक हमारी सर्वोच्च मूल कंपनी क्राउन होल्डिंग, इंक (Crown Holdings, Inc.) के वरिष्ठ कार्यपालकों को वर्ष में कम से कम एक बार क्राउन (Crown) निदेशक मंडल के संदर्भ के लिए परामर्श देते हैं।

सिग्नोड (Signode) यह सुनिश्चित करने के लिए काम करता है कि सभी कर्मचारी और तृतीय-पक्ष ठेकेदार अपने कामों के दायरे में इस नीति से अवगत रहें, इसे समझें और व्यवहार में लाएँ। नियमित संचार के साथ-साथ, प्रबंधकों और कर्मचारियों को इस पर प्रासंगिक प्रशिक्षण मिलेगा कि इस नीति को उनके दैनिक कामों में कैसे लागू किया जाए।

हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इसे हमारी अन्य कंपनी नीतियों, विशेषकर आचरण के सिद्धांतों का कथन (*Statement of Principles of Conduct*) और आपूर्तिकर्ता आचार संहिता (*Supplier Code of Conduct*) के साथ-साथ कर्मचारी शिकायतों के मामले में पालन करने के लिए परिसर-स्तरीय नीतियों और प्रक्रियाओं के साथ भली-भांति प्रचारित किया जाए। ये नीतियाँ इस मानवाधिकार नीति में निर्धारित सामान्य सिद्धांतों के अनुरूप हैं।

उपर्युक्त का तात्पर्य कर्मचारियों के अधिकारों और ज़िम्मेदारियों से है। यदि किसी कर्मचारी को हमारे कामकाज या

आपूर्ति श्रृंखला में मानवाधिकारों के उल्लंघन के बारे में पता चलता है तो इसकी रिपोर्ट करने के छह तरीके हैं: (यदि व्यावहारिक और कानूनी रूप से अनुमति हो तो) बदले या गोपनीयता का उल्लंघन होने के भय के बिना (1) पर्यवेक्षक (सुपरवाइज़र) को रिपोर्ट करना; (2) संयंत्र प्रबंधक या समकक्ष व्यक्ति को रिपोर्ट करना; (3) व्यवसाय HR निदेशक को रिपोर्ट करना या (4) SVP, वैश्विक HR को रिपोर्ट करना या (5) सिग्नोड (Signode) की महापरिषद (जनरल काउंसिल) को रिपोर्ट करना; या (6) सिग्नोड (Signode) की आचारनीति और अनुपालन वेबसाइट/पोर्टल (www.SIGhelpline.ethicspoint.com) के जरिए या (US/कनाडा में) टेलीफोन 1-855-866-2925 के जरिए या अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन नंबर विकल्पों की सूची के लिए www.signode.com/suppliers पर जाएँ। स्थानीय समुदायों या Signode आपूर्तिकर्ता, तृतीय-पक्ष ठेकेदार जैसे बाहरी व्यावसायिक सहयोगी या ग्राहक भी आचारनीति और अनुपालन वेबसाइट या हेल्पलाइन पर संभावित उल्लंघनों के बारे में रिपोर्ट कर सकते हैं।

सिग्नोड (Signode) इस नीति का उल्लंघन करने वाले तृतीय-पक्ष ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों या व्यावसायिक सहयोगियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करेगा। तृतीय पक्षों द्वारा इसके अंतर्गत अपने दायित्व पूरे करने में विफल रहने के मामले में, सिग्नोड (Signode) संविदात्मक संबंध समाप्त कर सकता है, Signode कार्यस्थलों से कुछ कर्मियों को हटाने की मांग कर सकता है या अन्य संविदात्मक अधिकारों का उपयोग कर सकता है।

## समीक्षा और निगरानी करना

सिग्नोड (Signode) समय-समय पर नीति की समीक्षा करेगा और इसकी प्रभावशीलता में सुधार के प्रयास में कानून और बेहतरीन पद्धतियों में बदलावों के प्रति कार्रवाई करने में संशोधन करेगा।

समीक्षा में निम्नलिखित कार्यों में सिग्नोड (Signode) के सबसे वरिष्ठ प्रबंधकों की भागीदारी शामिल है: सिग्नोड (Signode) अध्यक्ष के परामर्श से मानव संसाधन और कानूनी जोखिम प्रबंधन।

सिग्नोड (Signode) के सुविधा-केंद्र जहाँ भी स्थित हैं, वहाँ यह नीति प्रचलित सभी भाषाओं में उपलब्ध है।